# Daily Current Affairs

Date : 05 November, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका



| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राजस्थान में जनजातीय क्षेत्र विकास |
| 2. | राजस्थान में रूफ टॉप सोलर प्लान |
| 3. | कंज्यूमर केयर अवार्ड |
| 4. | ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट 2026(ग्राम) |
| 5. | राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड अभियान : राज्य स्तरीय ब्रॉडबैंड समिति |
| 6. | वंदे मातरम्@150 कार्यक्रम |
| 7. | सड़क सुरक्षा अभियान |
| 8. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. चंद्रभागा पशु मेला, 2025<br>2. जयपुर वैक्स म्यूजियम में लगेगा क्रिकेटर हरमनप्रीत का स्टेच्यू<br>3. सवाई जयसिंह की जयंती<br>4. 'वर्ल्ड रैबीज डे' अवॉर्ड: डॉ. संजय सिंह<br>5. पूजा शर्मा : ग्रैपलिंग<br>6. नारी चौपाल<br>7. अनुजा पोर्टल<br>8. गरिमा सेनी : को न्यू जनरेशन क्राट डिजाइन अवॉर्ड, 2024 |
| 9. | स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान : तीन गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड |
| 10. | टाइफून कालमेगी |
| 11. | उच्च सागर संधि |
| 12. | भारत और बहरीन के द्विपक्षीय संबंध |
| 13. | धूमकेतु 3I/ATLAS |
| 14. | थोरियम-आधारित पिघला हुआ नमक रिएक्टर (TMSR) |
| 15. | द स्टेट ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर (SOFA) 2025 रिपोर्ट |
| 16. | अंतरराष्ट्रीय प्रवासन आउटलुक, 2025 |
| 17. | विश्वजीत सहाय : नए रक्षा लेखा महानियंत्रक |
| 18. | IAF मैराथन, 2025 |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# Daily Current Affairs


Date : 05 November, 2025

## राजस्थान परिदृश्य

### राजस्थान में जनजातीय क्षेत्र विकास

**चर्चा में क्यों?**

- **भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर प्रदेशभर में 1 से 15 नवम्बर तक जनजाति गौरव वर्ष के तहत् कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।**
- **मुख्यमंत्री ने सीएम कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती से जुड़े कार्यक्रमों की तैयारियों का जायजा लिया।**




**मुख्य बिन्दु:**

- **प्रधानमंत्री द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 15 नवम्बर को 'जनजाति गौरव दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की गई थी।**
- **इस अवसर पर आयोजित सेवा शिविरों में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों लोगों को 18 विभागों की सेवाएं एक ही छत ने नीचे उपलब्ध करायी जा रही हैं, तथा इन शिविरों में अब तक 1.99 लाख से अधिक पट्टे वितरित किए जा चुके हैं, जिससे आमजन को भूमि स्वामित्व से जुड़ी समस्याओं से राहत मिली है।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- इस दिवस का मुख्य उद्देश्य 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' भावना के साथ जनजाति क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, जल प्रबंधन, रोजगार और संस्कृति संरक्षण आदि का विकास और संवर्धन करना हैं।

### जनजातीय क्षेत्रों के विकास में राजस्थान के प्रयास :

| क्षेत्र | प्रयास |
|---|---|
| वित्तीय प्रयास | **जनजाति क्षेत्रों के विकास के लिए TSP फंड :** राज्य सरकार ने अनुसूचित जनजाति वर्ग के उत्थान हेतु TSP फंड को 1,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1,500 करोड़ रुपये किया है। |
| समावेशी विकास | **गोविंद गुरू जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजना :** सामुदायिक वनाधिकार क्षेत्रों के विकास पर केंद्रित गोविंद गुरू जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजना प्रारंभ की है, देवला-कोटड़ा (उदयपुर) और जसवंतपुरा (जालोर) में नए आवासीय विद्यालय तथा शाहबाद (बारां) में सहरिया जनजाति खेल अकादमी की स्थापना की जा रही है।<br>**अमृत कलश योजना :** CSR और स्वयंसेवी संगठनों की भागीदारी से विभाग ने 'अमृत कलश योजना' प्रारंभ की है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को IIM उदयपुर, IIT जोधपुर, NLU और KVK जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों का भ्रमण करवाया गया।<br>**धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान :** यह एक राज्य-स्तरीय कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य आदिवासी समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देना है। यह अभियान अक्टूबर, 2024 में शुरू हुआ था और इसका लक्ष्य जनजातीय बहुल गांवों में स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका में सुधार करना है।<br>**जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा :** बिरसा मुंडा की विचारधारा 'अपनी भूमि, अपनी संस्कृति और अपने अधिकारों की रक्षा'पर प्रदेशभर में जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा (1 से 15 नवंबर तक) का आयोजन किया जा रहा हैं। |
| शिक्षा और कौशल विकास | **मां-बाड़ी केंद्रों की स्थापना :** जनजाति वर्ग के बच्चों के पोषण तथा उन्हें घर के नजदीक प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए 250 नवीन मां-बाड़ी केंद्रों की स्थापना प्रक्रियाधीन है। मां-बाड़ी केन्द्रों में कार्यरत शिक्षाकर्मी, महिला सहयोगिनी तथा स्वास्थ्यकर्मी के मानदेय में वित्तीय वर्ष 2025-26 से 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।<br>**शिक्षा में उत्कृष्टता :** उदयपुर के ढीकली और डूंगरपुर के सूरपुर में स्थित मॉडल पब्लिक रेजिडेंशियल स्कूल शिक्षा में उत्कृष्टता के नए केंद्र बन चुके हैं। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| | **एकलव्य स्कूल :** देश के 30 एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूलों में भी लगभग 10 हजार विद्यार्थी आधुनिक शिक्षण पद्धति, डिजिटल लर्निंग और खेल सुविधाओं को प्राप्त करते हुए अध्ययनरत हैं।<br>**मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना :** विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्ति के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत् 8 बहुउद्देशीय छात्रावासों में 878 विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग व आवास सुविधा दी जा रही है।<br>**माई मिशन :** इस कार्यक्रम के तहत् 40 विद्यार्थियों को राजस्थान सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है।<br>राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम, सीपेट जयपुर और IDTR रेलमगरा जैसे संस्थानों द्वारा जनजाति क्षेत्र के हजारों युवाओं को तकनीकी व व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।<br>अशोक लेलैंड प्रशिक्षण केंद्र, रेलमगरा में 25 युवाओं को भारी वाहन चालक का प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया गया है। |
| **खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन** | सरकार ने खिलाड़ियों के हित में महत्त्वपूर्ण निर्णय लेते हुए खेल छात्रावासों में मैस भत्ता बढ़ाकर 4,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया है।<br>RSMM लिमिटेड के CSR सहयोग से जनजाति खिलाड़ियों की लैक्रॉस टीम इंडिया ने उज्बेकिस्तान में एशियाई प्रतियोगिता में रजत पदक जीता।<br>तृतीय राष्ट्रीय लैक्रॉस चैम्पियनशिप 2025-26 में राज्य के 55 प्रतिभाशाली जनजाति खिलाड़ियों ने 6 वर्गों में 5 स्वर्ण एवं 1 कास्य पदक जीता। |
| **अवसंरचना का विकास** | जनजातीय अंचलों में जलोत्थान योजनाएं, एनिकट निर्माण, नहर सुदृढ़ीकरण और जल संरचना पुनरोद्धार कार्य जल सुरक्षा की दिशा में मिसाल बने हैं। जनजाति भागीदारी योजना के तहत् विद्यालय, सड़क, पेयजल और सामुदायिक भवन निर्माण में न्यूनतम 30 प्रतिशत जनसहयोग से कार्य किए जा रहे हैं। |
| **जनजाति नायकों के गौरव की पुनःस्थापना** | डूंगरपुर, बांसवाड़ा और उदयपुर में जनजाति नायकों के स्मारक और वीर बालिका काली बाई संग्रहालय के निर्माण हेतु 25 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।<br>सीताबाड़ी, कमलनाथ महादेव और जावर माता मंदिर जैसे आस्था स्थलों पर आधारभूत सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| | इसके अतिरिक्त केन्द्र सरकार की पीएम जनमन योजना के तहत् बारां जिले में 17 मल्टीपरपज केंद्रों में से 8 का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष का कार्य प्रगति पर है। |
| नवाचार | जयकार प्रोग्राम : केन्द्र और राज्य सरकार व इसरो के संयुक्त तत्वावधान में 'जयकार प्रोग्राम' के तहत् उदयपुर के EMRS विद्यार्थियों ने अंतरिक्ष विज्ञान प्रशिक्षण प्राप्त किया।<br>बनफूल डिज़ाइन स्टूडियो : माणिक्यलाल वर्मा आदिम जाति शोध संस्थान में 'बनफूल डिज़ाइन स्टूडियो' की स्थापना जनजातीय कला संरक्षण और विपणन में महत्त्वपूर्ण है।<br>प्रोजेक्ट चितेरा : इस प्रोजेक्ट के माध्यम से छात्रावासों और विद्यालयों में मांडना व पारंपरिक चित्रकला को पुनर्जीवित किया गया है।<br>सैटेलाइट सेंटर फॉर ट्राइबल हेल्थ एंड रिसर्च : एम्स, जोधपुर के सहयोग से आबूरोड (सिरोही) में सैटेलाइट सेंटर फॉर ट्राइबल हेल्थ एंड रिसर्च की स्थापना हुई है, जहां प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 29 अक्टूबर, 2024 को ड्रोन दवा आपूर्ति सुविधा का शुभारंभ किया गया।<br>संचार सेतु : UNFPA की साझेदारी में 'संचार सेतु' वर्चुअल लर्निंग प्लेटफॉर्म प्रारंभ किया गया। |
| पर्यावरण संरक्षण अभियान | 'एक वृक्ष, प्रति वर्ष' और 'हमारा कक्ष-हमारा वृक्ष' अभियानों से पर्यावरण संरक्षण की भावना को बल मिला है। |
| उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मान | 4 अक्टूबर, 2024 को आदि-गौरव सम्मान समारोह में राष्ट्रपति ने 17 व्यक्तियों व संस्थाओं को शिक्षा, कला, खेल एवं समाजसेवा में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया।<br>5 नवम्बर, 2024 को बांसवाड़ा में आयोजित बिरसा मुंडा 150वीं जयंती समारोह में 'नवादि-युगधारा प्रणेता समागम' विषय के अंतर्गत 27 जनजाति नायकों को सम्मानित किया गया, जो जनजाति समाज की नई चेतना का प्रतीक है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान में रूफ टॉप सोलर प्लान

### चर्चा में क्यों?

- प्रदेश में रूफ टॉप सोलर के माध्यम से सौर ऊर्जा उत्पन्न कर ग्रिड को बिजली उपलब्ध कराने वाले घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को उपभोग के बाद ग्रिड में देने वाली अतिरिक्त बिजली के बदले राजस्थान डिस्कॉम्स से प्रति यूनिट 2 रूपए 71 पैसे के स्थान पर 3 रूपए 26 पैसे प्रति यूनिट का भुगतान किया जाएगा।




### मुख्य बिन्दु:

- प्रदेश में 1 लाख 35 हजार से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं ने नेट मीटरिंग के माध्यम से अपने घर अथवा आवासीय परिसर की छत पर रूफ टॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए हैं।
- उल्लेखनीय है कि पीएम सूर्यघर योजना के अन्तर्गत प्रदेश में 96 हजार 685 उपभोक्ताओं ने रूफ टॉप सोलर स्थापित किए हैं। इस योजना में उन्हें 3 किलोवाट तक का रूफ टॉप सोलर लगाने पर अधिकतम 78 हजार रूपए की केन्द्रीय सहायता मिल रही है।

#### PM सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना:


- **परिचय :** यह पर्याप्त वित्तीय सब्सिडी प्रदान करके और इनस्टॉलेशन में सुविधा सुनिश्चित करके सोलर रूफटॉप सिस्टम को अपनाने को बढ़ावा देने के लिये एक केंद्रीय योजना है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **उद्देश्य :** इसका लक्ष्य भारत में एक करोड़ परिवारों को मुफ्त विद्युत ऊर्जा उपलब्ध कराना है, जो रूफटॉप सोलर पैनल वाली बिजली इकाइयाँ स्थापित करना चाहते हैं।

**कार्यान्वयन एजेंसियाँ :**




- **सब्सिडी संरचना :** यह योजना सोलर रूफटॉप सिस्टम इनस्टॉलेशन की लागत को कम करने के लिये सब्सिडी प्रदान करती है। सब्सिडी अधिकतम 3 किलोवाट क्षमता तक सीमित है।
- 2 किलोवाट क्षमता तक के सोलर सिस्टम के लिये 60% सब्सिडी।
- 2 किलोवाट से 3 किलोवाट क्षमता के मध्य सोलर सिस्टम के लिये 40% सब्सिडी।

**विशेषताएँ :**

- **आदर्श सौर गाँव :** प्रत्येक ज़िले में एक 'मॉडल सोलर विलेज' विकसित किया जाएगा, जो एक प्रदर्शन परियोजना के रूप में कार्य करेगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रूफटॉप सोलर सिस्टम अपनाने को बढ़ावा देगा।
- **स्थानीय निकायों के लिये प्रोत्साहन :** शहरी स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थान को अपने-अपने क्षेत्रों में छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने को बढ़ावा देने के लिये प्रोत्साहन मिलेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

UTKARSH CLASSES CIVIL SERVICES

## प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के अपेक्षित लाभ और चुनौतियाँ :

| लाभ | चुनौतियाँ |
|---|---|
| **आर्थिक सहायता :** 3 किलोवाट तक की रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापना हेतु सब्सिडी प्रदान करना। | **घरेलू अनिच्छा और सीमित स्थान उपयोग:** सीमित छत स्थान, असमान भू-भाग, छाया, कम संपत्ति स्वामित्व जैसे जोखिमों के कारण 1-2 किलोवाट सेगमेंट को सुविधा मुहैया कराना जटिल है। |
| **सौर ऊर्जा उत्पादन :** नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन तथा इससे 30 गीगावाट सौर क्षमता के सोलर सिस्टम स्थापना की संभावना। | **डिस्कॉम पर परिचालन संबंधी दबाव:** वर्तमान नेट मीटरिंग प्रणाली डिस्कॉम के लिये वित्तीय रूप से बोझिल है, जो पहले से ही भारी घाटे का सामना कर रही है। |
| **कम कार्बन उत्सर्जन :** इससे CO2 समतुल्य उत्सर्जन में 720 मिलियन टन की कमी आएगी जो भारत के कार्बन न्यूट्रल (वर्ष 2070) लक्ष्य प्राप्ति में सहायक होगी। | **भंडारण एकीकरण :** रूफटॉप सोलर सिस्टम इनस्टॉल करने वाली भंडारण प्रणालियों के लिये अधिदेश की कमी से 'डक कर्व' जैसी ग्रिड प्रबंधन समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं। |
| **रोजगार सृजन :** इस योजना से विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, आपूर्ति शृंखला प्रबंधन, बिक्री, स्थापना, संचालन और रखरखाव जैसे क्षेत्रों में लगभग 17 लाख प्रत्यक्ष रोज़गार सृजित होने का अनुमान है। | **गुणवत्ता आश्वासन चुनौतियाँ :** ग्राहकों को प्रायः स्थापित प्रणालियों की गुणवत्ता का आंकलन करने में कठिनाई होती है। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# कंज्यूमर केयर अवार्ड

## चर्चा में क्यों?

- 04 नवम्बर, 2025 को राज्य में उपभोक्ता आंदोलन के सुदृढ़ीकरण, विभिन्न विभागों, स्वायत्तशासी एवं स्वैच्छिक संस्थाओं में उपभोक्ता सेवाओं में गुणात्मक सुधार, समयबद्ध शिकायत निस्तारण, उपभोक्ता विषयक प्रचार-प्रसार, शोध, प्रकाशन, प्रशिक्षण, प्रबोधन एवं विभिन्न गतिविधियो के प्रोत्साहन हेतु प्रधानमंत्री की कंज्यूमर केयर अवधारणा को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री के आदेशानुसार राज्य में 'कंज्यूमर केयर अवार्ड' प्रारंभ किया गया है।

## मुख्य बिन्दु:

- यह उपभोक्ता सेवाओं का देश मे अब तक का सबसे बड़ा अवार्ड है।
- **वित्तीय राशि :** राजकीय, स्वायत्तशासी श्रेणी हेतु 5 लाख रुपए का एक अवार्ड, संस्था श्रेणी में 2 लाख रुपए का एक अवार्ड तथा व्यक्तिगत श्रेणी में 51-51 हज़ार रुपए के तीन अवार्ड दिए जाएंगे।
- बिजली, पानी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य बीमा, परिवहन जैसे उपभोक्ताओं से जुड़े विभाग भी पहली बार यह अवार्ड प्राप्त कर सकेगें।
- **उद्देश्य :** राज्य में नवाचार प्रोत्साहन, कंज्यूमर फ्रेंडली एवं गुणवत्ता पूर्ण सेवाएं प्रदान करना।
- **पात्रता :** राजस्थान राज्य का स्थायी निवासी अथवा राजस्थान में कार्यरत व्यक्ति, संस्था तथा उपभोक्ताओं से जुडें विभाग आवेदन कर सकेंगे।
- **अवार्ड वितरण :** 24 दिसंबर, 2025 को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर एक राज्य स्तरीय समारोह में यह अवार्ड प्रदान किये जायेंगे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट, 2026(ग्राम)

## चर्चा में क्यों?

- 04 नवम्बर, 2025 को शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल की अध्यक्षता में पंत कृषि भवन के सभा कक्ष में ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट, 2026 की अंतर विभागीय कोर ग्रुप और FICCI अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- बैठक में ग्राम 2026 के लिए संबंधित विभागों द्वारा नोडल अधिकारी नियुक्त करने, कार्यात्मक समितियों का गठन, समितियों के अधिकारियों का विभागवार नामांकन, अन्य विभागों की भूमिका और जिम्मेदारियों, विभागीय प्रदर्शनियों, सेमिनारों एवं बैठकों की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

### ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट 2026(ग्राम) :

- **आयोजन :** एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर JECC सीतापुरा, जयपुर
- **आयोजक :** राजस्थान सरकार द्वारा।
- **मुख्य उद्देश्य :** किसानों, कृषि वैज्ञानिकों, नीति निर्माताओं और निवेशकों को एक सांझा मंच पर ला कर कृषि क्षेत्र में नवाचार, तकनीकी प्रगति और निवेश को प्रोत्साहित करना।
- **ध्येय :** 'किसान सशक्तीकरण ही ग्रामीण विकास की पूँजी है'।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR


- **विशेषता :** ग्राम 2026 में ग्रामीण एवं कृषि क्षेत्र में नवीन तकनीकी आधारित कृषि प्रणाली, मूल्य संवर्धन और निर्यातोन्मुख उत्पादन को बढ़ावा देना है इसके तहत् किसानों को नवीनतम कृषि उपकरणों, फसल प्रबंधन और कृषि विपणन से संबंधित संपूर्ण जानकारियाँ साझा की जाएगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड अभियान : राज्य स्तरीय ब्रॉडबैंड समिति

## चर्चा में क्यों?

- 04 नवम्बर, 2025 को मुख्य सचिव (सुधांश पंत) की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड अभियान की राज्य स्तरीय ब्रॉडबैंड समिति की 15वीं बैठक में टेलीकम्युनिकेशंस राइट ऑफ वे (ROW) नियम, कॉल बिफोर यू डिग (CBUD) मोबाइल ऐप, पीएम गतिशक्ति NMP पोर्टल, BSNL 4G सेचुरेशन प्रोजेक्ट सहित अन्य संबंधित विषयों की प्रगति की समीक्षा की।




## मुख्य बिन्दु:

- मुख्य सचिव ने अधिकारियों को विभागीय स्तर पर भूमि आवंटन एवं वन विभाग की मंजूरी के लंबित प्रकरणों सहित अन्य आवश्यक कार्य आपसी समन्वय से पूर्ण करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जिससे राज्य के दूरदराज क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाली मोबाइल सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित हो और ग्रामीण इलाकों में भी तेज और विश्वसनीय इंटरनेट सेवा उपलब्ध हो सके।
- 'कॉल बिफोर यू डिग' मोबाइल ऐप खुदाई कार्यों के दौरान भूमिगत अवसंरचना को क्षति से बचाने के साथ-साथ संचार सेवाओं में व्यवधान को रोकने में सहायक है। इससे प्रदेश में स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **देशभर में मोबाइल रिकवरी का औसत प्रतिशत 26.50 प्रतिशत है जबकि राजस्थान में यह प्रतिशत 43.45 प्रतिशत है।**

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

**राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन (NBM) :**

| लॉन्च | दिसंबर, 2019 |
|---|---|
| पर्यवेक्षण मंत्रालय | संचार मंत्रालय |
| NBM 1.0 | वर्ष 2019 से 2024 |
| उद्देश्य | सम्पूर्ण भारत में डिजिटल कनेक्टिविटी को बढ़ाना (30 लाख किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाना)। |
| NBM 2.0 | जनवरी, 2025 |
| सामर्थ्य लक्ष्य | सामाजिक-आर्थिक विभाजन को पाटने के लिए किफायती ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करना। |
| सेवा की गुणवत्ता लक्ष्य | उच्च गति इंटरनेट एक्सेस (100 MBPS तक) |
| ब्रॉडबैंड तैयारी सूचकांक (BRI) | राज्यों में डिजिटल बुनियादी ढांचे की उपलब्धता को मापने के लिए एक ढांचा विकसित करना। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# वंदे मातरम्@150 कार्यक्रम

## चर्चा में क्यों?

- राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 7 नवम्बर से पूरे प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।




## मुख्य बिन्दु:

- 'वंदे मातरम्@150' राज्य स्तरीय कार्यक्रम : 7 नवम्बर, 2025 को जयपुर के SMS स्टेडियम में।
- सभी सरकारी कार्यालयों में 10 नवम्बर को 'वंदे मातरम्@150' एवं स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम, नगर निकाय कार्यालयों में 11 नवम्बर, पंचायती राज संस्थानों में 12 नवम्बर, सभी स्कूलों व छात्रावासों में 13 नवम्बर, उच्च शिक्षा संस्थानों में 14 नवम्बर और अस्पतालों व पुलिस थानों में 15 नवम्बर को कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 7 नवम्बर से 26 नवम्बर (संविधान दिवस) तक सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में 'वंदे मातरम्' का सामूहिक वाचन किया जाएगा।

### वंदे मातरम् गीत :

| विषय | विवरण |
|---|---|
| रचनाकार | बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय |
| भाषा | संस्कृत |
| प्रथम प्रकाशन | आनंदमठ (वर्ष 1882) |
| पहला सार्वजनिक गायन | रवीन्द्रनाथ टैगोर, 1896 (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अधिवेशन) |
| स्थिति | राष्ट्रगीत – राष्ट्रीय गान के समान प्रतीकात्मक दर्जा |
| संवैधानिक संदर्भ | अनुच्छेद 51A(a) – केवल राष्ट्रगान के प्रति सम्मान अनिवार्य |



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सड़क सुरक्षा अभियान

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान सरकार ने सड़क हादसों में कमी लाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा अभियान शुरू किया है, जो 4 नवंबर से आगामी 15 दिन तक परिवहन, पुलिस और लोक निर्माण विभागों के संयुक्त तत्वावधान आयोजित किया जा रहा हैं।




## मुख्य बिन्दु:

- **मुख्य उद्देश्य :** यातायात नियमों का सख्ती से पालन करवाना और सड़क दुर्घटनाओं को कम करना। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने और ओवर-स्पीड के मामलों में ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने जैसी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

- **सड़क सुरक्षा मित्र कार्यक्रम :** भारत सरकार के सड़क परिवहन मंत्रालय एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं के मध्य सड़क सुरक्षा जनजागरूकता बढ़ाने के लिए सड़क सुरक्षा मित्र कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## सड़क हादसों में कमी लाने हेतु संभावित प्रयास :


| | |
|---|---|
| तकनीकी समाधान | **AI ट्रैफिक मॉनिटरिंग सिस्टम:** हाईवे और शहरी सड़कों पर AIएनेबल्ड कैमरे स्पीड, लेन बदलने की प्रवृत्ति और नशे में ड्राइविंग की रीयल-टाइम मॉनिटरिंग करते हैं। दिल्ली में यह ई-चालान सिस्टम से जुड़े हैं।<br>**ड्राइवर मॉनिटरिंग सिस्टम:** डंपर, ट्रक और बसों में कैमरा सेंसर ड्राइवर की थकान या नशे के लक्षण पहचान सकते हैं। सिस्टम ड्राइवर और कंपनी को अलर्ट करता है। टाटा के कुछ ट्रकों में DMS सिस्टम लागू है।<br>**अल्कोहल इंटरलॉक डिवाइस :** वाहन तभी स्टार्ट हो, जब ड्राइवन ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट में पास हो स्वीडन, फिनलैंड और ऑस्ट्रेलिया में यह लॉरी और स्कूल बसों के लिए अनिवार्य है। |
| कानूनी और प्रशासनिक कदम | **अल्कोहल टेस्टिंग का सख्त नियम:** ट्रक/कॉमर्शियल ड्राइवर के लिए रैंडम ब्रीथ एनालाइजन टेस्ट हर टोल प्लाजा पर अनिवार्य किया जाए। उल्लंघन करने वाल पर लाइसेंस सस्पेंशन और कंपनी पर जुर्माने जैसे प्रावधान हों।<br>**जीरो टॉलरेंस एनफोर्समेंट मॉडल:** गुजरात और महाराष्ट्र में कई जगह जीरो टॉलरेंस जोन हैं जहाँ ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग और नशे में ड्राइविंग पर ऑन स्पॉट चालान होता है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **चंद्रभागा पशु मेला, 2025**<br><br>■ **आयोजन :** राजस्थान के झालावाड़ जिले में झालरापाटन में चंद्रभागा नदी के किनारे आयोजित किया जाता है।<br>■ **तिथि :** यह मेला हर वर्ष हिन्दू महीनों के अनुसार कार्तिक मास की पूर्णिमा को आयोजित किया जाता हैं।<br>■ वर्ष 2025 में कार्तिक मास की पूर्णिमा 5 नवंबर की है अत: यह तीन दिवसीय मेला 4 नवंबर 2025 से 6 नवंबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा।<br>■ **आयोजक :** राजस्थान का पशुपालन विभाग, राजस्थान पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन<br>■ यह राजस्थान का एक ऐसा मेला है जहां पशुओं के ब्यूटी पार्लर के सामान भी यहाँ ब्रिकी होते हैं।<br>■ सर्वप्रथम मेले की शुरुआत में द्वारकाधीश मंदिर से चंद्रभागा नदी तक शोभा यात्रा निकाली जाती है। |
| 2. | **जयपुर वैक्स म्यूजियम में लगेगा क्रिकेटर हरमनप्रीत का स्टेच्यू**<br> |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| | ■ नाहरगढ़ फोर्ट पर स्थित जयपुर वैक्स म्यूजियम में आईसीसी वुमन वर्ल्ड कप-2025 की विनर इंडियन क्रिकेट टीम की कैप्टन हरमनप्रीत कौर का वैक्स स्टैच्यू लगाया जाएगा।<br>■ इसका अनावरण अगले वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) पर किया जाएगा।<br>■ इससे पूर्व एम.एस. धोनी, सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली जैसे क्रिकेटर्स के स्टैच्यू यहां लगाए जा चुके हैं।<br>■ म्यूजियम पहले भी महिला प्रेरणाओं को सम्मानित कर चुका है। इनमें कल्पना चावला, साइना नेहवाल, मदर टेरेसा, गायत्री देवी और हाड़ी रानी जैसी विभूतियाँ शामिल हैं। |
| 3. | **सवाई जयसिंह की जयंती**<br><br>■ महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय संग्रहालय की ओर से जयपुर के संस्थापक महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।<br>■ इस अवसर पर सिटी पैलेस के सर्वतोभद्र चौक में काव्य पाठ का आयोजन किया गया।<br>■ राजस्थानी कवियों ने ढूँढाड़ी भाषा में काव्य पाठ किया।<br>**योगदान :**<br>■ **परिचय :** महाराजा सवाई जय सिंह द्वितीय (1686-1743) भारत में आमेर के राजपूत राज्य के शासक थे। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **उपाधि :** सम्राट औरंगजेब से 'सवाई' (एक और एक चौथाई) की उपाधि, जिसने उन्हें अपने प्रसिद्ध पूर्वज मिर्जा राजा जय सिंह (मृत्यु 1667) से एक चौथाई श्रेष्ठ घोषित किया था।
- **राजधानी :** जयपुर

**स्थापत्य कला :**

- **खगोल वेधशालाओं का निर्माण (जंतर मंतर) :** जयसिंह को दिल्ली, जयपुर, वाराणसी, उज्जैन और मथुरा में अपनी खगोल वेधशालाओं के निर्माण के लिए शाही समर्थन भी प्राप्त हुआ।
- महाराजा सवाई जय सिंह (जय सिंह द्वितीय) ने जयपुर शहर की स्थापना की।
- **आमेर का किला :** आमेर का किला जय सिंह द्वितीय के पूर्वज राजा मान सिंह प्रथम द्वारा बनवाया गया था।
- जयसिंह ने वर्ष 1728 में पूर्ण किए गए खगोलीय कार्य का नाम 'जिज-ए-मुहम्मद-शाही' (मुहम्मद शाह की खगोलीय सारणियाँ) रखा।

**4.** **'वर्ल्ड रैबीज डे' अवॉर्ड: डॉ. संजय सिंह**

- एलायंस फॉर रेबीज कंट्रोल की ओर से जयपुर के सीनियर वेटेनरी डॉक्टर संजय सिंह को 'वर्ल्ड रैबीज डे' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।
- उन्हें एनिमल वेलफेयर कैटेगरी में यह अवॉर्ड दिया गया है।
- गौरतलब है कि डॉ. सिंह हेल्थ एंड सफरिंग से जुड़े हुए हैं।
- इसके अतिरिक्त हेल्थ एंड सफरिंग को ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी अवॉर्ड, 2025 से नवाजा गया है, जो यूनाइटेड नेशन सस्टेनेबल डवलपमेंट गोल्स के लिए काम कर रहे हैं।

**5.** **पूजा शर्मा : ग्रैपलिंग**




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- आयोजित की गई। 4 नवंबर को आयोजित जूनियर व सीनियर नेशनल ग्रैपलिंग रेसलिंग प्रतियोगिता में राजस्थान की पूजा शर्मा ने 58 किलो में दो गोल्ड मेडल जीतने में सफलता हासिल की।
- गोंडा नंदिनी कॉलेज में आयोजित इस प्रतियोगिता में पूजा ने गी वर्ग में मध्य प्रदेश की हेमा कुमारी को हराकर गोल्ड जीता। इसके बाद नोगी वर्ग में टोंक, राजस्थान की ही निकिता कुमारी को हराकर दूसरा गोल्ड अपने नाम किया।
- **संबंध :** रिंगस तहसील, सीकर
- पूजा शर्मा राजस्थान विधानसभा द्वारा संचालित कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान में खेल कोच के पद पर कार्य कर रही हैं।

**6.**

## नारी चौपाल





- सक्षम जयपुर अभियान एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत् जयपुर जिले के प्रत्येक उपखंड पर नारी चौपाल आयोजित की जा रही है।
- 6 नवंबर, 2025 को चौमूं के हाड़ौता स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में चौपाल होगी।
- **उद्देश्य :** महिलाओं को सशक्त एवं जागरूक बनाना।
- नारी चौपाल में महिलाओं को सरकार की योजनाओं, अधिकारों और कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी, साथ ही उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**7.** 

## अनुजा पोर्टल




- **नई आवेदन अंतिम तिथि : 30 नवम्बर, 2025**
- **पोर्टल का शुभारंभ : 22 सितंबर, 2022**
- **क्रियान्वयन : राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड, जयपुर(अनुजा निगम) और राष्ट्रीय वित्त एवं विकास निगम।**
- **उद्देश्य : अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सफाई कर्मचारी वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजन को विभिन्न उद्योग, व्यवसाय एवं सेवा कार्य में आर्थिक सहायता उपलब्ध करना।**

**8.**

## गरिमा सेनी : को न्यू जनरेशन क्राट डिजाइन अवॉर्ड, 2024

- **भारतीय शिल्प सस्थान की ओर से आयोजित कार्यक्रम में ब्लू पॉटरी हस्तशिल्पी गरिमा सेनी को न्यू जनरेशन क्राट डिजाइन अवॉर्ड, 2024 से समानित किया है।**
- **यह पुरस्कार उन्हें उनके नवाचारी ब्लू पॉटरी डिजाइन कार्य के लिए दिया गया।**



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान : तीन गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड

### चर्चा में क्यों?

- भारत ने "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" के अंतर्गत तीन गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाये हैं।




### मुख्य बिन्दु:

- भारत ने "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" के अंतर्गत तीन गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाये हैं।
- एक महीने में स्वास्थ्य सेवा प्लेटफ़ॉर्म पर पंजीकरण कराने वाले 3 करोड़ 21 लाख से अधिक लोग शामिल हैं। अभियान में एक हफ़्ते 9 लाख 94 हज़ार से ज़्यादा महिलाओं ने स्तन कैंसर की ऑनलाइन जाँच के लिए पंजीकरण कराया जो कि एक रिकॉर्ड है।
- इसके अतिरिक्त, राज्य स्तर पर एक सप्ताह में रिकॉर्ड 1 लाख 25 हजार लोगों ने विभिन्न रोगों के लक्षणों की जाँच के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराया।

**स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान :**

- **अवधि :** 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2025 तक।
- **संचालन :** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (MoWCD) के संयुक्त नेतृत्व में किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **मुख्य विशेषताएँ:** SNPSA महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों जैसे एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और कैंसर के लिये व्यापक जाँच सुनिश्चित करने हेतु आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एक लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर लगाए गए।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## टाइफून कालमेगी

### चर्चा में क्यों?

- टाइफून कालमेगी (Typhoon Kalmaegi) 3 नवंबर, 2025 को फिलीपींस के तट से टकराया था, जिसे स्थानीय रूप से "टीनो" (Tino) नाम दिया गया था।

### मुख्य बिन्दु:

- तूफान पश्चिमी फिलीपींस के तटीय जलक्षेत्र से होते हुए दक्षिण चीन सागर और वियतनाम की तरफ जाने का अनुमान है।
- यह तूफान इस साल फिलीपींस से टकराने वाला 20वां उष्णकटिबंधीय चक्रवात है, जो जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को उजागर करता है।

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# उच्च सागर संधि

## चर्चा में क्यों?

- 60 से अधिक देशों द्वारा अनुमोदित उच्च सागर संधि जनवरी, 2026 में प्रभावी होगी।

## मुख्य बिन्दु:

### संधि की उत्पत्ति

- उच्च सागर संधि प्रक्रिया, 2004 में शुरू हुई, जब संयुक्त राष्ट्र महासभा ने राष्ट्रीय क्षेत्राधिकार से परे जैव विविधता (BBNJ) के संबंध में UNCLOS (1982) में अंतराल को दूर करने के लिए एक कार्य समूह का गठन किया।
- 2018 और 2023 के बीच चार अंतर-सरकारी सम्मेलनों के बाद, मार्च, 2023 में अंतिम समझौता हुआ और संधि को औपचारिक रूप से जून, 2023 में अपनाया गया और सितंबर, 2025 में इसकी पुष्टि की गई।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारत और बहरीन के द्विपक्षीय संबंध

## चर्चा में क्यों?

- विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बहरीन के विदेश मंत्री से मुलाकात की और रक्षा एवं सुरक्षा में सहयोग पर चर्चा की।
- भारत और बहरीन ने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग बढ़ाकर आतंकवाद के खतरे से निपटने पर सहमति व्यक्त की है ।

## मुख्य बिन्दु:

### भारत-बहरीन संबंध

- **द्विपक्षीय व्यापार:** 1.64 बिलियन अमेरिकी डॉलर (वित्त वर्ष 2024-25), भारत बहरीन के शीर्ष पाँच व्यापारिक साझेदारों में शामिल।
- **निवेश सहयोग:** दोनों देशों के बीच दोतरफा निवेश बढ़ रहा है और वर्ष 2019 से इसमें 40% की वृद्धि हुई है।
- **अंतरिक्ष सहयोग:** बहरीन अंतरिक्ष एजेंसी (बीएसए) और न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) के बीच सहयोग में प्रगति।
- **रक्षा एवं सुरक्षा:** दोनों पक्षों ने रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग, विशेषकर क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा में सहयोग बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की।
- **आतंकवाद-रोधी सहयोग:** खुफिया जानकारी साझा करने, क्षमता निर्माण और साइबर सुरक्षा पहल के माध्यम से सहयोग को बढ़ावा देने के लिए समझौता।
- **पर्यटन:** पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बहरीन के नागरिकों के लिए 9 श्रेणियों में भारतीय ई-वीजा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **सांस्कृतिक एवं लोगों के बीच संबंध:** वर्ष 2026 में सांस्कृतिक आदान-प्रदान के साथ राजनयिक संबंधों के 55 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाने की योजना।
- बहरीन भारत की "थिंक वेस्ट" नीति के अनुकूल है, जो खाड़ी और मध्य पूर्व के साथ गहन जुड़ाव पर केंद्रित है।
- यह संबंध संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब के साथ भारत के मजबूत संबंधों को संपूरित करता है, तथा भारतीय हितों के अनुकूल एक स्थिर और बहुध्रुवीय खाड़ी व्यवस्था में योगदान देता है।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## धूमकेतु 3I/ATLAS

### चर्चा में क्यों?

- धूमकेतु 3I/ATLAS में जल की मौजूदगी पाई गई है। यह खोज वैज्ञानिकों के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इससे धूमकेतुओं की उत्पत्ति और विकास के बारे में नई जानकारी मिल सकती है।

### मुख्य बिन्दु:

**3I/ATLAS**

- 3I/ATLAS सौरमंडल के बाहर से आने वाला तीसरा ज्ञात पिंड है, जो सौरमंडल के पड़ोस से होकर गुजर रहा है।
- इससे पहले खोजे गए दो बाहरी पिंड थे — 1I/ओउमुआमुआ (Oumuamua) (2017) तथा 2I/बोरिसोव (Borisov) (2019)
- खगोलविदों ने इसे अंतरतारकीय वर्ग में रखा है, क्योंकि इसकी कक्षा का आकार अतिपरवलयिक है अर्थात यह सूर्य के चारों ओर गोल या बंद कक्षा में नहीं घूमता, बल्कि सौरमंडल से होकर गुजर जाता है और बाहर निकल जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# थोरियम-आधारित पिघला हुआ नमक रिएक्टर (TMSR)

## चर्चा में क्यों?

- चीन में पहली बार थोरियम ईंधन रूपांतरण से 100 मेगावाट पिघले-नमक रिएक्टर का मार्ग प्रशस्त हुआ। चीन ने TMSR के भीतर पहली बार थोरियम को यूरेनियम ईंधन में सफलतापूर्वक परिवर्तित कर लिया है ।

## मुख्य बिन्दु:

- यह दुनिया में पहली बार है कि वैज्ञानिक पिघले हुए नमक रिएक्टर के अंदर से थोरियम संचालन पर प्रायोगिक डेटा प्राप्त करने में सक्षम हुए हैं ।
- इस उपलब्धि के साथ 2 मेगावाट का तरल-ईंधन युक्त TMSR विश्व में इस प्रौद्योगिकी का एकमात्र ऐसा चालू उदाहरण बन गया है, जिसमें थोरियम ईंधन को सफलतापूर्वक लोड किया गया है और उसका उपयोग किया गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण सूचकांक एवं रिपोर्ट

## द स्टेट ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर (SOFA) 2025 रिपोर्ट

### चर्चा में क्यों?

- संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) ने "द स्टेट ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर (SOFA) 2025 रिपोर्ट" जारी की।

### मुख्य बिन्दु:

- SOFA 2025 रिपोर्ट इस तथ्य का विश्लेषण प्रस्तुत करती है कि मानव गतिविधियों से होने वाला भूमि क्षरण किस तरह कृषि उत्पादन, खाद्य सुरक्षा और पर्यावरणीय संतुलन को प्रभावित करता है।

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय प्रवासन आउटलुक, 2025

## चर्चा में क्यों?

- **आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) ने अंतरराष्ट्रीय प्रवासन आउटलुक, 2025 रिपोर्ट जारी की।**

## मुख्य बिन्दु:

- **वर्ष 2023 में, 2,25,000 भारतीय नागरिकों ने OECD देशों की नागरिकता प्राप्त की।**
- **OECD देशों में अध्ययन करने वाले कुल अंतरराष्ट्रीय छात्रों का एक-तिहाई हिस्सा संयुक्त रूप से चीन और भारत से है।**

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# व्यक्तित्व

## विश्वजीत सहाय : नए रक्षा लेखा महानियंत्रक

### चर्चा में क्यों?

- भारतीय रक्षा लेखा सेवा के 1990 बैच के अधिकारी विश्वजीत सहाय ने रक्षा लेखा महानियंत्रक का पदभार ग्रहण किया।



### मुख्य बिन्दु:

- सहाय ने ब्रिटेन में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय और जर्मनी में जॉर्ज सी. मार्शल यूरोपीय सुरक्षा अध्ययन केंद्र सहित कई अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल

## IAF मैराथन, 2025

### चर्चा में क्यों?

- भारतीय वायु सेना ने राजधानी के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में सेखों आईएएफ मैराथन, 2025 के पहले संस्करण का आयोजन किया।




### मुख्य बिन्दु:

- यह आयोजन फ्लाइंग ऑफिसर निर्मल जीत सिंह सेखों को श्रद्धांजलि के रूप में आयोजित किया गया है, जो 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान भारत के सर्वोच्च युद्धकालीन वीरता पुरस्कार परमवीर चक्र से सम्मानित होने वाले एकमात्र भारतीय वायु सेना अधिकारी थे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR